‘‘कंठस्थ’’ अनुवाद टूल पर आयोजित तीन दिवसीय राजभाषा हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद तथा भा.प.शि.अ.वा.- वन अनुसंधान संस्थान के कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी में काम करने में प्रेरित करने के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन दिनांक 29 मई 2024 को किया गया। कार्यशाला का शीर्षक “कंठस्थ” अनुवाद टूल था। जिसे राजभाषा विभाग द्वारा विशेष रूप से अंग्रेजी से हिंदी में सटीक तथा त्वरित अनुवाद करने के लिए बनाया गया है। यह कार्यशाला दिनांक 27.05.2024 से 29.05.2024 तक संचालित रही। इस कार्यशाला में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद और वन अनुसंधान संस्थान के 39 कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को अनुवाद के अनेक पहलुओ पर जानकारी प्रदान की गई तथा शिक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित “अनुवादिनी” टूल पर भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने प्रतिदिन अभ्यास करते हुए अनुवाद की बारीकियों को सीखा। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियो प्रतिपुष्टि ली गई, जो संतोषजनक रहा। कार्यशाला के समापन सत्र में श्री आर .आनंद, कुलसचिव, वन अनुसंधान संस्थान द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया तथा उन्होने अपने सम्बोधन में राजभाषा से संबंधित इस प्रकार की कार्यशालाएं और आयोजित करने की बात की। अंत में श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने प्रतिभागियों द्वारा कार्यशाला में अधिक संख्या में प्रतिभाग करने पर उनकी सराहना की और भविष्य में आयोजित की जाने वाली कार्यशालाओं में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यशाला के आयोजन में श्री सागर थापा, तकनीशियन का सहयोग रहा।